तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 14.7 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025


शनिचरी बाजार के पीछे से रिवर व्यू तक बनने वाली सड़क।



## खबर संक्षेप

### आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर**। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा छात्रहित में निर्णय लेते हुए सेमेस्टर परीक्षा फार्म और नामांकन फार्म आनलाइन भरने की तिथि 22 नवंबर तक बढ़ाई गई थी, जिसकी अंतिम तिथि शनिवार को है। आनलाइन परीक्षा फार्म या नामांकन फार्म भरे जाने के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा फार्म की हार्डकापी, आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति कालेज या यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में 24 नवंबर तक जमा करना है। कालेजों द्वारा छात्र-छात्राओं के आनलाइन परीक्षा, नामांकन फार्म की सूची पोर्टल से डाउनलोड कर सूची क्रम में परीक्षा फार्म की आनलाइन शुक्ल की भुगतान की रसीद व दस्तावेजों की छायाप्रति विधिवत अग्रेषित करते हुए यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में 28 तक जमा करना होगा।

### हरदेव लाल मंदिर में कल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**बिलासपुर**। गायत्री शक्ति पीठ तथा माँ भगवती हरदेव लाल मंदिर गोल बाजार के संयुक्त तत्वावधान में रविवार 23 नवंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर थाई राइड, दाँत संबंधी रोगों, स्किन तथा ह्रदय रोगों की जांच कर चिकित्सकीय सलाह दी जाएगी। शिविर में डॉ शुभाशीष महतो, डॉ ऍम पी सामल, डॉ आलोक सुल्तानिया, डॉ गीता विश्वकर्मा, डॉ एस बी सिंह तथा डॉ प्रियंका नेताम अपनी सेवाएं देंगे। शिविर सुबह 8 से 10 बजे तक हरदेव लाल मंदिर में सम्पन्न होगी।

### सीजी पीएससी 2024 में बिलासपुर का परचम, टॉप 10 में तीन उम्मीदवारों ने जगह बनाई

# अगर सपने बड़े हैं, तो रास्ते भी मुश्किल होंगे, धैर्य और इमानदारी से कदम बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने सीजी पीएससी 2024 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। टॉप 10 में बिलासपुर के तीन उम्मीदवारों ने जगह बनाई है। इसमें पोलेश्वर साहू को चौथा स्थान, शताक्षी पांडे को चौथा और सृष्टि गुप्ता को आठवां स्थान मिला है। इस बार डिप्टी कलेक्टर के सिर्फ तीन पद होने के कारण इन सभी को यह पद मिलना मुश्किल है। इसके अलावा दूसरे पदों पर बिलासपुर के 60 से अधिक प्रतिभागियों का चयन हुआ है। चयनित उम्मीदवारों में से सभी का यही कहना है कि "अगर सपने बड़े हैं, तो रास्ते भी मुश्किल होंगे।" तो बस अपने निर्णय खुद लें, धैर्य और इमानदारी से उन सपनों को पूरा करने के लिए एक एक कदम मजबूती से बढ़ाना होगा।

■ दूसरे पदों पर बिलासपुर के 60 से अधिक प्रतिभागियों का चयन, दो महिलाएं चयनित हुईं

ध्यान रहे कि इस बार 643 अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू दिया था। पीएससी द्वारा पहली बार फेसलेस इंटरव्यू लागू किया गया। 20 नवंबर की रात रिजल्ट जारी होते ही सीजीपीएससी की वेबसाइट कुछ देर के लिए क्रैश हो गई थी। इस बार टॉप-10 में 8 लड़के जबकि 2 लड़कियां हैं। पीएससी ने नवंबर 2024 में पीएससी ने 246 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। 17 विभागों में डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित कई पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में आयोजित की गई थी। इसके बाद 26 से 29 जून तक मुख्य परीक्षा आयोजित की गई।

### लक्ष्य की ओर धैर्य और इमानदारी से कदम बढ़ाएं



शहर की लिंक रोड निवासी शताक्षी पांडे ने पीएससी में 6वां स्थान हासिल किया है। महिला वर्ग में वे टाप पर हैं। उन्होंने बताया कि यह उनका तीसरा प्रयास था। पिछले दो बार में वह प्रिलिम्स भी क्लीयर नहीं कर सकीं थी लेकिन हार नहीं मानी। शताक्षी ने बताया कि उन्होंने कंप्यूटर साइंस में बीटेक (गोल्ड मैडल) और फिर एमटेक किया। बीटेक करते हुए चेक रिपब्लिक से स्कालरशिप मिली और वहीं से पढ़ाई की। गेट भी क्वालिफाइड किया। इसके बाद उन्होंने नौकरी की और स्वामी आत्मानंद स्कूल में कंप्यूटर टीचर के रूप में एक साल तक पढ़ाया, लेकिन सिविल सर्विसेज की तैयारी के लिए सब कुछ छोड़कर पढ़ाई में जुट गई। उन्होंने बताया कि शुरूआती मार्गदर्शन एक कोचिंग से जरूर ली, लेकिन पूरी तैयारी सेल्फ स्टडी से की। शताक्षी अपनी उपलब्धि का पूरा श्रेय अपनी माता रेखा पांडे और पिता आशुतोष पांडे को देती हैं, जिन्होंने कठिन वक्त में भी उनका साथ नहीं छोड़ा। वे यूपीएससी की भी तैयारी कर रही हैं।


शताक्षी पांडे

### स्कूल लाइफ से ही किया सिविल सर्विस में जाने का संकल्प



सीजी पीएससी 2024 में विनोबानगर निवासी सृष्टि गुप्ता को आठवां रैंक मिला है। यह उनका पहला इंटरव्यू था। इससे पहले वे मेंस तक पहुंची थी, लेकिन कुछ अंकों से चयन नहीं हो पाया था। उनके पिता नरेश गुप्ता बिजनेसमैन तो माता सरिता गुप्ता हाउस वाइफ है। पीएससी में कुल 1500 अंकों में से उन्हें 755.5 अंक मिले है। इसमें इंटरव्यू में 100 में से 55 और मेंस में 700.50 अंक मिले हैं। रैंक के हिसाब से सृष्टि को वित्त अधिकारी या सहायक संचालक का पद मिल सकता है। इंटरव्यू में उनसे करेंट अफेयर्स पर अधिक सवाल पूछे गए। सीएमडी कालेज का फुल फार्म भी इंटरव्यू में पूछा गया। सृष्टि ने सीएमडी कालेज बिलासपुर से बीएम और इतिहास में एमए किया। सीजी सेट भी इतिहास में क्लीयर किया। कुछ दिन पहले जारी एडीईओ के रिजल्ट में भी उनका चयन हुआ है। स्कूल लाइफ से ही उन्होंने सिविल सर्विस में जाने का फैसला कर लिया था। इसलिए ही 12 वीं तक गणित में पढ़ाई करने के बाद कालेज में कला संकाय लेकर पढ़ाई की।


सृष्टि गुप्ता

### दिल्ली आईएएस के बच्चों को मिली सफलता

इस परीक्षा में दिल्ली आईएएस के बच्चों को सफलता मिली है। संस्था के संचालक ने बताया कि उनके यहां पढ़ने वाले छात्रों में देवेश प्रसाद साहू रैंक 1, साताक्षी पाण्डेय 6 वां रैंक, पंकज कुमार यादव 14 वां रैंक, नवीन कुमार साहू 23 वां रैंक, कमलेश कुमार 30 वां रैंक, श्रुति गुप्ता 43 वां रैंक, अजय सिंग परिहार 50 वां रैंक प्राप्त किया। इसी तरह मयंक सिंह ने भी सफलता प्राप्त की। इन बच्चों ने सफलता का श्रेय संस्था के शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और नेतृत्व को दिया है। यहां आने वाले बच्चों को सही गाइडेंस दिया जाता है।

### अजय कुमार को केटेगरी रैंक में मिला 31 वां स्थान

पीएससी 2024 में अजय कुमार ने 407वीं रैंक और वर्ग रैंक 31 हासिल किया है। यह उनका दूसरा प्रयास था, जिसमें उन्हें सफलता मिली है। पहले प्रयास में वे इंटरव्यू तक पहुंचे थे लेकिन सिलेक्शन नहीं हो पाया था। इस बार बेहतर रणनीति के साथ फिर से तैयारी की। अजय ने बताया कि आर्थिक रूप से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन शिक्षकों और परिजन के साथ ही दोस्तों का सहयोग हमेशा मिलता रहा है। इस वजह से कभी किसी चीज की कमी महसूस नहीं हुईं। अजय के पिता लोरमी क्षेत्र में किसान हैं लेकिन बच्चे की पढ़ाई में कोई कमी नहीं होने दी।



### कोविड में पिता को खोया, अब उनका सपना पूरा किया

लोरमी क्षेत्र के चार प्रतिभावान युवाओं का चयन पीएससी में हुआ है। इसमें तेली खाम्ही निवासी विद्या साहू का चयन द्वारा अधीनस्थ लेखा अधिकारी पद पर चयन हुआ है। इसी के साथ ग्राम मलकछरी के अजय ध्रुव ने 407वीं रैंक और वर्ग रैंक 31 हासिल किया है। इसी तरह बांधा निवासी सुनील कश्यप ने 24वां रैंक प्राप्त किया है। उन्हें डीएससी पद मिलना तय माना जा रहा है। इसके साथ ही वहीं गोल्हापारा के स्व. लेखराम साहू 'वकील साहब' के मंझिले पुत्र पोलेश्वर साहू ने 4वीं रैंक हासिल किया है। उन्हें डिप्टी कलेक्टर का पद मिल सकता है। पोलेश्वर ने बताया कि कोविड ने उनके पिता की छीन लिया था अब लेकिन पीएससी चयन ने उनके सपने को पूरा किया है। पोलेश्वर मूलरूप से मुंगेली जिले के लोरमी के रहने वाले हैं। 2021 में उन्होंने अपने पिता लेखराम साहू को कोविड में खो दिया। उनके पिता वकील होने के साथ-साथ किसान भी थे। घर में आज तक कोई सरकारी अधिकारी नहीं बन सका था। पिता का सपना था कि उनके चार बेटों में से कोई एक कम से कम सरकारी नौकरी में हो।



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्ते लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।
कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)
शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad


।। जय परशुराम ।।
ज्ञानं चापशराभ्यां च, परशुं करयोर्द्धत् । आगच्छन्तु कृपामूर्तः, परशुरामस्य दर्शने ।।
।। जय जय परशुराम ।।
आ रहें है आज हम सबके बीच...
हमारे भाई
अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी
ब्राह्मण प्रीमियर लीग 2025
Special Guest
THE GRAND FINALE
रिंकू सिंह
समापन समारोह
दिनांक : 22 नवम्बर 2025, शनिवार
समय : सायं 07:30 बजे से
स्थान : खेल परिसर मैदान (SECL मुख्यालय के सामने)
सरकण्डा, बिलासपुर, (छ.ग.)
Presented By
DCT Real Estate Developers
Bilaspur (C.G.)
प्रॉपर्टी मतलब DCT
संस्कृति, संस्कार और समर्पण के महा संगम
ब्राह्मण प्रीमियर लीग
में आप सभी का
अभिनंदन है...
Team Owner
GOKHALE GLADIATORS
BHAGAT BULLS
TILAK TIGERS
BISMIL BRAVES
BAJIRAO BLASTERS
AZAD XI
BOSE BRIGADE
CHITTARANJAN CHARGERS
MALVIYA MASTERS
MANGAL PANDEY MAVERICKS
HAR DAYAL HAWKS
RAJGURU RHINOS
RAGHUNATH RANGERS
SAVARKAR SQUAD
TATYA TITANS
VALLABH'S VULTURES
आयोजक :- समग्र ब्राह्मण समाज संग परशु सेना
J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची एसआईआर प्रभारी भोगल ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक



**बिलासपुर।** भाजपा नेता अमर अग्रवाल के दिशा निर्देश पर बिलासपुर विधानसभा के बीएलए 1 अजीत सिंह भोगल ने वार्ड क्रमांक 29 तारबहार में वार्ड प्रभारी व बीएलए 2 बूथ के प्रभारी कार्यकर्ताओं के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर बैठक की। जिसमें श्री भोगल ने कहा समस्त कार्यकर्ताओं के साथ बूथ में जाकर निवासरत मतदाताओं को मतदाता फॉर्म दिलाने एवं उसे भरने में सहयोग करें। निवासरत मतदाता ना छूटे इस बात का भी ध्यान रखना है। मतदाता सूची में जिनका दो बार नाम है जो मृत हो चुके हैं जो क्षेत्र में निवास नहीं करते हैं, ऐसे मतदाताओं की जानकारी भी बीएलओ को दे, ताकि दिए गए समय अवधि पर मतदाता सूची का सत्यापन पूर्ण हो सके। बूथ में कार्यकर्ताओं के साथ जाकर भोगल ने मतदाताओं से भी संपर्क किया। पार्टी द्वारा बनाए गए निर्वाचन से अधिकृत बीएलए 2 को कार्ड भी दिया गया। इस अवसर पर मधुसूदन राव राजेश रजक, संध्या चौधरी, अनुराधा रामटेक, संजय चौहान, कैलाश रजक, अभिषेक राज, रीनाकोरी, आशाराजा, शीला धीरे, तेजराम रात्रि, श्याम राव उपस्थित रहे।

### कन्या सरकंडा में स्वच्छ विद्यालय स्वस्थ विद्यालय का क्रियान्वयन



**बिलासपुर।** पीएमश्री सेजस शास कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकंडा में 21 नवंबर को स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा छात्राओं को स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत रक्त की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। हीमोग्लोबिन बढ़ाने के उपाय भी बताए गए। विद्यालय में सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर आध्यात्मिक एवं संस्कारिक ज्ञान देने के लिए विद्वानों का आगमन होता है। आज विद्यालय में गायत्री प्रज्ञा पीठ के आचार्यों ने स्वस्थ मानसिक विकास के लिए मंत्र के प्रभाव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। मानसिक विकास एवं शारीरिक स्वस्थता के लिए अपने आसपास एवं अध्ययन परिसर भी स्वच्छ हो इसके लिए शाला के एनएसएस एवं गाइड के छात्राओं ने साफ सफाई की। समस्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ गायत्री तिवारी के नेतृत्व एवं समस्त स्टाफ तथा शाला परिवार के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

### आशिमा को अपनी शादी में स्वयं का फोटो युक्त डाक टिकट उपहार में मिला



**बिलासपुर।** आशिमा डेनियल को अपनी शादी में स्वयं का फोटो युक्त डाक टिकट उपहार प्राप्त करने वाली दुनिया की पहले व्यक्ति बनने पर इंटरनेशनल स्टार अवार्ड दिया गया। बिलासपुर की आशिमा डेनियल वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्डर, विश्व रत्न से सम्मानित, गोल्ड मेडलिस्ट, नर्सिंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर, मोटिवेशनल स्पीकर, जिन्हें सिटी एक्सीलेंस अवॉर्ड, राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम भारतीय रत्न सम्मान, सेवा रत्न सम्मान, अंतर्राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण पुरस्कार, स्वामी विवेकानंद सम्मान, राष्ट्र भूषण सम्मान, राष्ट्र रत्न पुरस्कार, भारत रत्न गौरव पुरस्कार, सेवा रत्न मदर टेरेसा अवार्ड अनेक राष्ट्रीय सम्मान मिले हैं। आशिमा डेनियल को पहले भी रिकॉर्ड बनाने पर ओरिएंट बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में उनका नाम दर्ज किया गया है ।

### रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 को

**बिलासपुर।** स्वेच्छिक रक्तदान शिविर और निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लोखंडी में 23 नवंबर को आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक अर्पित रक्तदान एवं जन कल्याण सेवा समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम लोखंडी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा। इस दौरान समस्त रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। शिविर के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक होंगे। विशिष्ट अतिथि भारती माली, परमेश्वर पटेल, विशाल सिंह, विश्वनाथ पटेल, डा. रमेश कश्यप, डा. रमेश वैष्णव, बलराम पटेल, देवकुमारी प्रमोद पटेल, सतरूपा मरावी, बसंत गढ़ेवाल, राजेन्द्र वस्त्रकार, गोपाल पटेल, गंगाराम पटेल, राजकुमार पाण्डेय होंगे।

सड़क के मुद्दे को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

# किस काम की है अरपा तट पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से बनी 80 करोड़ की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- शहर की जर्जर सड़कों पर किसी का ध्यान नहीं

एक ओर शहर की कई सड़कें जर्जर हैं, बारिश के बाद इन सड़कों की मरम्मत नहीं की गई है, दूसरी ओर स्मार्ट सिटी तहत अरपा नदी तट पर लगभग 80 से 100 करोड़ रुपए की लागत से सड़क बना दी गई है। यह सड़क किसी काम की नहीं है। सड़क निर्माण को लेकर अब कई तरह के आरोप लगने लगे हैं। इस सड़क सहित जिले की खराब सड़कों को लेकर कांग्रेस द्वारा शनिवार को मोपका सड़क पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने शुक्रवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है। इसे लेकर कांग्रेस पार्टी ने धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने का निर्णय लिया है। उनका कहना है कि अरपा नदी के दोनों किनारों पर 80 फीट नए कमिश्नर ऑफिस के पीछे कोनी और शिव घाट बैराज से मंगला अरपा नदी के दोनों तट पर से जहां यह सड़क बनाई जा रही है, उसके आगे सिर्फ निजी जमीन है और आगे कोई रास्ता ही नहीं बचेगा। ऐसे में यह सड़क सार्वजनिक सुविधा के लिए नहीं बन सकती तो फिर किसे लाभ पहुंचाने के लिए बनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि शहर के बीच रहने वाले लोगों की जरूरतें छोड़कर सुनसान तट पर करोड़ों रुपए क्यों फूंके गए।

### निजी जमीन के पास खत्म हो जाती है सड़क

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अरपा नदी के किनारे बनाई जा रही लगभग 100 करोड़ की सड़क संदेहों से भरी हुई है। जिस स्थान पर यह सड़क बनाई जा रही है, वहां न आबादी है, न ट्रैफिक, न कोई सार्वजनिक आवश्यकता। इसके बावजूद अरपा तट के सुनसान क्षेत्र में करोड़ों रुपये खर्च कर सड़क निर्माण किया गया और यह सड़क आगे जाकर निजी जमीन पर आकर रूक जाती है। इससे पता चलता है कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य जनता नहीं, बल्कि कुछ विशेष लोगों को फायदा पहुंचाना था।



पत्रकारों से चर्चा करते जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी व अन्य।

### जमकर भ्रष्टाचार, सबको जानकारी फिर भी चुप्पी क्यों

श्री केशरवानी ने स्मार्ट सिटी के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार होने की बात कहते हुए बताया कि जहां यह सड़क बनाई जा रही है, वह क्षेत्र स्मार्ट सिटी की सीमा में आता ही नहीं, फिर भी स्मार्ट सिटी और नगर निगम के फंड का उपयोग यहां कर दिया गया। इसका न डीपीआर सार्वजनिक किया गया न जनसुनवाई हुई न पर्यावरणीय अनुमति दिखाई गई और न ही संवेदनशील नदी तट से संबंधित किसी नियम का पालन किया गया। पूरा प्रोजेक्ट पारदर्शिता से दूर दबावपूर्ण और उद्देश्यहीन है।

### अरपा संरक्षण व विकास की योजनाएं दरकिनार

कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री केशरवानी का मानना है कि अरपा को बचाने और विकसित करने के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने शिवघाट–पचरीघाट के बीच तट-सड़क, तट संरक्षण, सौंदर्यीकरण और पर्यटन जोन जैसी योजनाएं बनाई गई थीं। लेकिन मौजूदा प्रोजेक्ट में इन योजनाओं को किनारे कर दिया गया और सिर्फ एक महंगी, अधूरी एवं उद्देश्यहीन सड़क तैयार कर दी गई।



अरपा नदी तट पर बनाई जा रही सड़क।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने उठाए सवाल

- अरपा तट की 80 करोड़ की सड़क का डीपीआर कहां है
- क्या स्मार्ट सिटी फंड का उपयोग गैर स्मार्ट सिटी क्षेत्र में करना नियमों के अनुरूप है
- क्या अधिकारियों ने प्रोजेक्ट की वास्तविक स्थिति शासन से छुपाई
- सड़क निजी जमीन पर आकर क्यों रूक जाती है, किसे लाभ
- पर्यावरण अनुमति, नदी तट नियम और इको-संवेदी क्षेत्र के मानक कहां हैं
- जब शहर की सड़कें जर्जर हैं तो अरपा किनारे 80 करोड़ क्यों डाले गए
- क्या प्रोजेक्ट पर कोई जनसुनवाई हुई यदि नहीं, तो क्यों
- क्या प्रशासन-शासन को समय पर सटीक जानकारी दी गई थी
- अरपा नदी के बीचों-बीच सड़क निर्माण के पीछे किसका दबाव था
- यह सड़क सार्वजनिक जरूरत है या निजी हितों के लिए तैयार की गई परियोजना

# जिले में बीएलओ ने बांटे 14 लाख 85 हजार फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कुल 15 लाख 7 हजार 7 सौ मतदाताओं को भरना है फार्म

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर शुरू हुए करीब 15 दिन हो गए हैं और अभी तक बीएलओ द्वारा 14 लाख 85 हजार गणना फार्म बांटे जा चुके है। जिले में कुल 15 लाख 7 हजार 700 मतदाताओं को गणना फार्म भरकर देना है। अभी भी लगभग 22 हजार गणना फार्म वितरण होना शेष है।

एसआईआर तहत 4 दिसंबर से गणना फार्म वितरण चालू हुआ था। बीएलओ को घर-घर गणना फार्म बांटते 15 दिन हो गए हैं। एसआईआर अंतर्गत जिले के कुल 15 लाख 7 हजार 700 मतदाताओं से गणना फार्म भराया जाना है, जबकि अभी तक बीएलओ द्वारा करीब 14 लाख 85 हजार गणना फार्म घरों-घर वितरण किए जा चुके हैं। इस तरह से लगभग 22 हजार गणना फार्म और वितरण होना है। बीएलओ द्वारा गणना फार्म वितरण का काम जल्द पूरा हो जाएगा और उसके बाद बीएलओ भरे हुए गणना फार्म जमा करवाने में लग जाएंगे। फिलहाल मतदाताओं द्वारा गणना फार्म भरने की गति काफी धीमी है, जबकि निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम अनुसार 4 दिसंबर तक ही गणना फार्म भराया जाना है।

### फार्म बांटने में लगे 1815 बीएलओ

बिलासपुर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में स्थित कुल 1815 मतदान केन्द्रों को आधार मानकर विधानसभावार 1815 बूथ लेवल अफसर बीएलओ नियुक्त किए गए हैं। इसी तरह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य में जिले के लगभग 3800 अधिकारियों-कर्मचारियों को लगाया गया है। इसमें बूथ स्तर अधिकारी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और बीएलओ अपने-अपने मतदान क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना फार्म वितरण कर रहे हैं। बीएलओ प्रत्येक परिवार से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरवाएंगे और एकत्रित सभी फार्म और दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। बीएलओ यह भी देखेंगे कि प्रत्येक मतदाता को मतदाता सूची में अपना नाम, पता और अन्य विवरण सही रूप से दर्ज किया है कि नहीं।

### आनलाइन भी भर सकते फार्म

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर तहत आनलाइन फार्म भरने की सुविधा भी दी गई है। मतदाता ईसीआई के वेबसाइट पर जाकर भी अपना फार्म भर सकते हैं या अपलोड कर सकते हैं। बीएलओ आनलाइन आवेदनकर्ताओं के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करेंगे।

### कलेक्टर ने मतदाताओं को जागरूक किया

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल दूसरे दिन भी आज शहर का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने शाम को इंदु चौक से लेकर राजीव गांधी चौक तक पदयात्रा कर अभियान के संबंध में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची निर्माण के लिए चुनाव आयोग द्वारा यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने इलाके के बीएलओ से प्रगति के बारे में चर्चा की और आ रही समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि गणना पत्रक भर कर लें। इसके साथ कोई दस्तावेज नहीं लेना है। पत्रक में केवल जानकारी भरना है। गणना फॉर्म में परिवार का कोई भी सदस्य दस्तखत कर सकता है। केवल उसी मतदाता का हस्ताक्षर लिया जाना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने लोगों से मुलाकात कर लोगों को समझाइश दी और जल्द गणना फॉर्म भरकर बीएलओ को देने की अपील की। शहरी इलाके में अभियान की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी, एसडीएम मनीष साहू, जोन आयुक्त प्रवीण शुक्ला भी उपस्थित थे।

# डिजिटल क्लॉक रूम में सुविधा होगी क्यूआर भुगतान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन में यात्रियों को आधुनिक, सुरक्षित व समय सहेज सेवाएं उपलब्ध कराने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डिजिटल क्लॉक रूम की संचालन किया जा रहा है।

यह नई तकनीक आधारित व्यवस्था यात्रियों के लिए सामान जमा करने एवं प्राप्त करने की प्रक्रिया को तेज, सरल व पारदर्शी बनाएगी। रेलवे के अनुसार नई प्रणाली के अंतर्गत यात्री मोबाइल आधारित क्यूआर कोड भुगतान के माध्यम से शुल्क का त्वरित भुगतान कर सकेंगे। यह सुविधा नकदी पर निर्भरता कम करेगी और भुगतान प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल एवं सुरक्षित बनाएगी। इसकी सुविधा के लिए यात्री किसी भी यूपीआई ऐप से तत्काल भुगतान कर सकेंगे, जिससे कतारों में लगने वाला समय बचेगा।




डिजिटल रसीद तथा यूनिक टोकन नंबर के माध्यम से सामान की सुरक्षित ट्रैकिंग सुनिश्चित होगी। जमा किए गए सामान का रिकार्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा, जिससे सुरक्षा व निगरानी व अधिक सक्षम होगी। त्वरित सेवा बुजुर्ग यात्रियों, परिवारों और लंबी दूरी के यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। डिजिटल लॉग के माध्यम से प्रक्रियाओं में स्पष्टता आएगी और विवाद की संभावना न्यूनतम होगी। वहीं नई व्यवस्था स्टेशन के समग्र यात्री अनुभव को और अधिक सुगम बनाएगी।

### अखिलेश यादव महासभा जिला ग्रामीण के अध्यक्ष नियुक्त



**बिलासपुर।** दिल्ली में यादव समाज के राष्ट्रीय कार्यकम में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व की स्वीकृति राष्ट्रीय सचिव डी.आर यादव एवं राष्ट्रीय सचिव एस.डी.यादव की अनुशंसा पर अधिवक्ता अखिलेश यादव को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा बिलासपुर जिला ग्रामीण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी यादव ने बताया अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा विश्व की सबसे लंबी रिकार्ड बनाने वाली रेजांगला शहादत शौर्य कलश यात्रा का दिल्ली के जंतर-मंतर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भव्य समापन समारोह का आयोजन हुआ।

# स्वास्थ्य विभाग ने 180 छात्राओं का कराया एनीमिया परीक्षण, 34 बालिकाएं पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रक्त की कमी दूर करने हीमोग्लोबिन की गोली भी दी गई

स्वास्थ्य विभाग द्वारा केंद्र सरकार के एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की छात्राओं के लिए एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में छात्राओं का हीमोग्लोबिन स्तर मापा गया, उन्हें एनीमिया के कारण, लक्षण और बचाव की जानकारी दी गई। रक्त की कमी दूर करने हीमोग्लोबिन की गोलियां भी वितरित की गईं। शिविर में कुल 180 छात्राओं का परीक्षण किया गया, जिसमें से 34 बालिकाएं एनीमिक पाई गईं। नूतन चौक स्थित स्वामी आत्मानंद कन्या उच्च माध्यमिक शाला में शुक्रवार को यह शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएमएचओ डॉ. शुभा गेरेवाल मुख्य अतिथि रहीं। डॉ. गेरेवाल ने बताया कि यह एक वंशानुगत बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में पहुंचती है। उन्होंने कहा कि किशोरियों में जागरूकता और समय पर जांच बेहद आवश्यक है। यह शिविर सेल्फ हेल्प एजुकेशन एंड रिसर्च संस्था (जगमल चौक) तथा गुजरात की संस्था राजचंद्र मिशन के सहयोग से आयोजित किया गया। बालिकाओं के स्वास्थ्य सुधार को ध्यान में रखते हुए जिले में एनीमिया जाँच अभियान की शुरुआत की गई है, जो आने वाले महीनों तक जिले की सभी कन्या स्कूलों में नियमित रूप से जारी रहेगा। कार्यक्रम में डॉ. सौरभ शर्मा विद्यालय की प्रधान पाठक गायत्री तिवारी, संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज गुप्ता प्रोजेक्ट मैनेजर अनुराधा मिश्रा असिस्टेंट लेक्चरर हेमंत नायक तथा संस्था के अन्य कर्मचारी और विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।




जांच शिविर में शामिल राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारी व सदस्य।




मणिदास मानिकपुरी
अध्यक्ष, उत्तर मंडल बेलतरा
मनोज पटेल
विधायक प्रतिनिधि ज.पं. बिल्हा
गंगाप्रसाद साहू
महामंत्री
विधायक प्रतिनिधि
मान. उमेश गौरहा जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विनीत-समस्त कार्यकर्ता
उत्तर मण्डल बेलतरा विधानसभा

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





# साइनेक्स मिलेनियम में दिखी युवाओं की प्रतिभा

## युवा शक्ति में है परिस्थिति बदलने की ताकत : सुशांत

डी.पी. विप्र महाविद्यालय में आयोजित साइनेक्स मिलेनियम 2025 के दूसरे दिन का कार्यक्रम बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा शक्ति में परिस्थिति को बदलने की ताकत है। इसके लिए उन्हें जीवन में वित्तीय व प्रशासनिक अनुशासन का पालन करना होगा। सबका साथ, सबका विकास के साथ सबका विश्वास का ध्येय लेकर कार्य तभी कर सकते हैं जब वे संगठित होकर कार्य करेंगे।








हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मुख्य अतिथि विधायक श्री शुक्ला ने आज की पीढ़ी को मोबाइल से दूर रहने की बात कहते हुए कहा कि तकनीकी को जीवन में अहितकारी नहीं बल्कि उपयोगी बनाने का प्रयास हो। किसी भी प्रोजेक्ट को बनाने से पहले उसका गहरा रिसर्च आवश्यक है तभी वह दूरगामी प्रभाव डाल सकता है।

महाविद्यालयीन प्रशासन समिति के सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि हमें अपने उद्देश्य पर अडिग रहते हुए कार्य करना चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। लक्ष्य को ऊंचा रखकर उसकी प्राप्ति के लिए सतत प्रयासरत रहना चाहिए। परीक्षा नियंत्रक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय डॉ. तरूणधर दीवान ने विद्यार्थियों के मॉडलों का अवलोकन कर कहा कि विद्यार्थियों द्वारा इस तरह का रचनात्मक कार्य उनके बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है जो कि उनके स्वयं के व्यक्तित्व के साथ की समाज, देश के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला ने कहा कि समाज में जो संस्कृति हमें विरासत में मिली है। उस पर हमें गर्व होना चाहिए तथा उन संस्कारों पर चलकर हमें अपने समाज, देश का विकास करना चाहिए। छात्र संघ की ओर विभांशू अवस्थी ने स्वागत उद्बोधन दिया और कहा कि अतिथियों का मार्गदर्शन एवं उनका आशीर्वचन हम सबको प्रेरणा देता है। अतिथियों ने डॉ. ऋचा पाण्डेय द्वारा लिखित पुस्तक 'लाईफ ऑफ ई रिसोर्स इन लाईब्रेरी' का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. एम.एस. तंबोली एवं आभार प्रदर्शन अखिलेश साहू ने किया।

### ए.आई., सोलर पॉवर के मॉडल दर्शनीय

साइनेक्स मिलेनियम में विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा बनाए गए 802 मॉडलों का डॉ. दुर्गा बाजपेयी, डॉ. शारदा दुबे, डॉ. विभा मिश्रा, कांति अंचल, डॉ. सुजाता सैम्यूल, डॉ. अंशुल श्रीवास्तव, डॉ. एस.के. शर्मा, डॉ. जया चांवला, डॉ. नीलम त्रिवेदी, डॉ. मांडवी नामदेव, डॉ. अर्चना तंबोली, निमेश खोडियार, डॉ. सोनम शर्मा, डॉ प्रमोद शर्मा ने अवलोकन किया। विद्यार्थियों द्वारा एम.आर.आई. मशीन, शीड जर्मीनेशन, सेल डिविजन, स्पानल कॉड, ए.आई., सोलर पॉवर, विन्ड वॉटर आदि मॉडल बनाए गए हैं। वहीं पेंटिंग, मेंहदी, रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।



**इनकी रही उपस्थिति** : आयोजन में विशिष्ट अतिथि राहुल प्रकाश सीनियर साइंटिस्ट नई दिल्ली, प्रो. निधीश चौबे, साइनेक्स मिलेनियम प्रभारी, अविनाश सेठी अध्यक्ष ऐलुमिनी कमेटी, वीरेन्द्र साहू, जित्तू ठाकुर, गोविन्द सेठी, शिवा गेंदले, चित्रकांत निरडवार, विकास सिंह, आशीष मिश्रा, उमेश साहू, बृजेश बोले, हिमेश साहू, मनोज मेंसराम, अरूण नथानी, यश मिरानी, सुरेन्द्र अहिरवार, सचिन सूर्या, सन सूर्या, यजूर तिवारी, डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. संयज कुमार तिवारी, डॉ. आभा तिवारी, डॉ. एम.एल. जायसवाल, डॉ. विवेक अम्बलकर, डॉ. खगेन्द्र सोनी सहित एन.एस.एस., एन.सी.सी. एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



---

**जॉब**

## वायुसेना में 340 पदों पर भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**बिलासपुर।** भारतीय वायुसेना की ओर से एयर फोर्स कॉमन एडमिशन टेस्ट के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 17 नवंबर से शुरू हो गई है। जो उम्मीदवार भारतीय वायुसेना में सरकारी नौकरी करने का सपना देख रहे हैं, वे AFCAT 2026 परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिये 340 उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर 14 दिसंबर, 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जो उम्मीदवार फ्लाइंग ब्रांच के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनकी न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम 24 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा, जो उम्मीदवार ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल/नॉन टेक्निकल) के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनकी न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 26 वर्ष निर्धारित की गई है।



### आवेदन करने के लिए जरूरी योग्यता

आवेदन करने के लिए जरूरी है कि उम्मीदवारों ने कक्षा बारहवीं न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ गणित और भौतिक विषय से उत्तीर्ण किया हो। इसके अलावा, उम्मीदवारों ने बीई या बीटेक 60 प्रतिशत अंकों के साथ पूरा किया हो। चयन होने के बाद प्रशिक्षण के दौरान चयनित उम्मीदवार को 56,100 रुपए स्टाइपेंड के तौर पर प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, प्रशिक्षण की अवधि समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों को 56,100 रुपए से लेकर 1,77,500 रुपए प्रदान किए जाएंगे।

**सम्मान**

## नृत्याचार्य पद्मश्री रामलाल बरेठ का मध्यप्रदेश में सम्मान



**बिलासपुर।** कार्तिक कथक नृत्य केंद्र बिलासपुर के संरक्षक वरिष्ठ कथक नृत्याचार्य पद्मश्री रामलाल बरेठ को खेल मंत्रालय मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कथक के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया है।

**पिकनिक**

## लायंस वसुंधरा की सदस्यों ने शिवतराई में लिया पिकनिक का आनंद



**बिलासपुर।** कोटा रोड शिवतराई रिजॉर्ट एवं जंगल सफारी की पिकनिक स्पॉट में वसुंधरा क्लब परिवार ने पिकनिक का आनंद लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा एवं सचिव अर्चना तिवारी ने तैयार की। जिसमें शोभा त्रिपाठी, सुधा परिहार, सावित्री जायसवाल, चांदनी सक्सेना, संजना मिश्रा, मंगला कदम, मंजुला शिंदे, साधना दुबे, हंसा सेलारका, सीता तिवारी ने सहयोग दिया। यात्रा की शुरुआत गणेश वंदना कर अंताक्षरी का रखा गया। सुंदर वादियों में सभी ने घूमने का आनंद उठाया अध्यक्ष ने मनोरंजन हेतु कई गेम रखे। जिसमें चांदनी सक्सेना, सुधा परिहार, सावित्री जायसवाल, मंगला कदम, हंसा सेलारका, शोभा त्रिपाठी विजेता रहे। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सावित्री जायसवाल रहीं। हाउजी भी खेली गई।

**आयोजन**

## बच्चों ने रैली निकाल कर शाकाहार अपनाने का किया आह्वान



**बिलासपुर।** साधु वासवानी सेंटर ने गुरुवार को दादा साधु वासवानी के अवतरण दिवस के पूर्व लोगों को जागरूक करने कलवानी एवं पंजवानी फैमिली के साथ मिलकर संत सांई लाल दास के सानिध्य में शाकाहारी रैली निकाली। इसमें लोगों को जागरूक करते हुए बताया गया कि शाकाहारी भोजन से कई सारे विटामिन मिलते हैं। धन गुरु नानक दरबार में संस्था के सदस्यों ने विश्व कल्याण के लिए अरदास कराई। रैली में सबसे आगे स्कूली बच्चों ने शाकाहार का संदेश देते हुए बैनर लिए आगे चल रहे थे। महिलाएं भजन कीर्तन व गीत गाते हुए लोगों को जागरूक करने संदेश दे रहे थे। डॉ अभिषेक कलवानी, डॉ रौनक कलवानी, डॉ सोनल कलवानी ने लोगों को संदेश दिया कि शाकाहार अपनाएं, मांसाहार का त्याग करें।

---

# महापुरूषों के सानिध्य में रहने से बढ़ने लगता है संसार से वैराग्य : चकोरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





प्रियदर्शनीय नगर में आध्यात्मिक प्रवचन

वास्तविक महापुरूषों के सानिध्य में आने से संसार से वैराग्य व भगवान से अनुराग स्वाभाविक रूप से बढ़ने लगता है। संतों की पहचान उनके पहनावे से नहीं की जा सकती है। संतों की पहचान उनके गुणों, व्यवहार व संगति से होती है। उनके साथ समय बिताने पर ही उनके आध्यात्मिक स्वरूप का पता चलता है।

ये बातें प्रियदर्शनीय नगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे आध्यात्मिक प्रवचन में साध्वी ब्रजचकोरी देवी ने कही। उन्होंने कहा कि वास्तविक महापुरूष किसी को श्राप नहीं देते हैं और न ही लोगों को भौतिक लाभ देने का स्वांग रचते हैं। सच्चे संत भौतिक सुख नहीं आत्मिक मार्ग दिखाते हैं। उनका उद्देश्य भक्तों को आध्यात्मिक मार्ग दिखाना होता है। आमोन्नति व साधक के अंतःकरण की शुद्धि पर भी ध्यान उनका केन्द्रित रहता है। सच्चे गुरु तत्काल दीक्षा व मंत्र नहीं देते हैं। दीक्षा तभी दी जाती है जब साधक साधना व संयम से अपने को पात्र बना लेता है। केवल मंत्र लेने से कल्याण संभव नहीं होता है बल्कि इसके लिए साधना कर अंतःकरण को शुद्ध करने होते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु की कृपा से भगवान के प्रति प्रेम व भक्ति स्वतः विकसित होती है।

### आज होगा समापन

साध्वी चकोरी देवी के प्रवचन का रविवार 22 नवंबर को समापन होगा। प्रवचन प्रतिदिन शाम साढ़े 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक चल रहा है। इसका रसपान करने शहर सहित आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु भक्त निरंतर आ रहे हैं।

# प्रज्ञा पुराण कथा, निकाली गई कलश यात्रा

## आज से गायत्री महायज्ञ के साथ कराए जाएंगे संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गायत्री प्रज्ञापीठ सकरी के रजत जयंती वर्ष एवं वंदनीया माता की जन्म शताब्दी वर्ष की तैयारी के उपलक्ष्य में शनिवार को पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान सकरी में किया गया। पहले दिन एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

गायत्री परिवार के द्वारिका प्रसाद पटेल ने बताया कि रविवार 22 नवंबर से प्रतिदिन साढ़े 8 से 11 बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ व विविध संस्कार कराए जाएंगे। प्रज्ञा पुराण स्थापना कार्यक्रम के साथ कथा का शुभारंभ हो गया है। पावन प्रज्ञा पुराण कथा अपराह्न 3 से 7 बजे तक चली और प्रतिदिन इसी समय में होगी। प्रज्ञा पुराण के कथावाचक अनिलेश तिवारी भोलेश्री की संगीतमयी टोली का आगमन हो चुका है। इस पांच दिवसीय आयोजन में प्रज्ञापीठ सकरी के मुख्य ट्रस्टी सोनसाय साहू, गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी हेमराज वैश्य, उपजोन बिलासपुर के सह-समन्वयक व ट्रस्टी रामकुमार श्रीवास, मोहन अग्रवाल, जागेश्वर साहू, त्रिभुवन साहू, गणेश श्रीवास, पी.एल. कुर्मी, ब्लॉक समन्वयक साधुराम कौशिक, उधोराम प्रजापति, जागेश्वरी, बृजेश साहू, प्रभा, रमेश श्रीवास, नंदिनी पाटनवार, योगिता, नलिनी, रामगोपाल कश्यप, शत्रुघन, छेदीलाल कश्यप, सुखदेव कौशिक लक्ष्मी पटेल, रंजीत गढेवाल, रतीराम पटेल का सहयोग मिल रहा है।

---

# सीवीआरयू के उत्कृष्ट केन्द्रों से लाभान्वित हो रहे विद्यार्थी व शिक्षण संस्थान




**कार्नर न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित रचनात्मक प्रकल्पों का भ्रमण अवलोकन एवं परिचर्चा आयोजित की गई। इस अवसर पर सियान समिति के सदस्य, स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट मल्टीपरपज स्कूल के विद्यार्थी एवं बालोद की शिक्षण संस्थान से कल 200 से अधिक लोगों ने विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। सभी ने नए प्रकल्पों को सराहा और विश्वविद्यालय के ज्ञान पद प्रकल्पों की स्थापना, उद्देश्य, क्रियाकलाप एवं विद्यार्थियों सहित सामाजिक सरोकार के दृष्टि से भी प्रकल्पों को समझा। यह आयोजन उन्नत भारत अभियान इकाई, छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र, छत्तीसगढ़ी संजोही, ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग, एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

### प्रकल्पों का संबंध जन सुविधा सामाजिक सरोकार से : कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित उत्कृष्ट केन्द्रों प्रकल्पों में भारत के कोने-कोने से विद्यार्थी,शिक्षा विद, विषय विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थी आमजन, लेकर दिल्ली, मुंबई,कोलकाता, मद्रास, बेंगलुरु से भी विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय आ रहे हैं। इन प्रकल्पों को जन सुविधा और सामाजिक सरोकार की दृष्टि से भी खुला रखा गया है। जिसमें की सभी को इसकी वास्तविक जानकारी मिल सके। खासकर छत्तीसगढ़ी जीवन शैली, छत्तीसगढ़ी कला संस्कृति, छत्तीसगढ़ी साहित्य, छत्तीसगढ़ के नैसर्गिक उत्पाद की जानकारी सभी को मिले। इसी क्रम में सियान समिति के अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू के नेतृत्व में 50 सदस्य टीम विश्वविद्यालय पहुंची। महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम के सभी सदस्य 60 वर्ष से अधिक के थे। सभी ने विश्वविद्यालय में स्थापित छत्तीसगढ़ी संजोही, छत्तीसगढ़ी कला एवं संस्कृति केंद्र, छत्तीसगढ़ी शोध एवं पीठ को देखा। उन्होंने इसके उत्कृष्ट के लिए भी विश्वविद्यालय को मार्गदर्शन दिया है।



### जिज्ञासा ही संकल्प का पहला रूप : कुलपति

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने विद्यार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी विषय के बारे में जानना, जिज्ञासु होना और उसकी जानकारी जुटाना वास्तव में उसे प्राप्त करने के पहले का कर्म है। जब आपकी जिज्ञासा होगी और आप उसे जिज्ञासा की दिशा में आगे बढ़ेंगे तो उसे प्राप्त करने के लिए भी संकल्प लेंगे। आज इस विद्यार्थियों ने जितनी जिज्ञासा से विश्वविद्यालय को देखा समझा और जाना है निश्चित रूप से उनका भविष्य एक बड़े संकल्प के रूप में उनकी राह देख रहा है।

### विवि में रेडियो रमन 90.4 और इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण किया

स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट मल्टीपरपज के विद्यार्थियों ने और प्राध्यापकों ने विश्वविद्यालय में स्थापित रेडियो रमन 90.4 और इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण किया। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित रेडियो रमन 90.4 एक सामुदायिक रेडियो है। जहां विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को भी निखारा जाता है। उनके द्वारा लिखित, कहानी, कविता का पाठ विद्यार्थी स्वयं करते हैं। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों की विषय वार रिकॉर्डिंग भी यहां की जाती है। इसके अलावा अंचल की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का रेडियो रमन सबसे बड़ा माध्यम है। विद्यार्थियों ने डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर को भी जाना और समझा। यहां विद्यार्थियों की रोजगार की कल्पना को साकार रूप दिया जाता है, जो विद्यार्थी अपने स्वयं का कार्य करना चाहते हैं। उद्यमी बनना चाहते हैं। उनकी सोच को हम मूर्त रूप में करते हैं।


विधायक प्रतिनिधि बेलतरा
मा. उमेश गौरहा जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
Happy Birthday
मा. सुशांत शुक्ला जी
विधायक बेलतरा विधानसभा
मा. उमेश गौरहा जी
विधायक प्रतिनिधि बेलतरा
जनक देवांगन
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति रानीगांव
लक्ष्मीकांत शास्त्री
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति सेंदरी
सुनील कश्यप
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति सलखा
सुखनंदन सिंह
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति उच्चभट्ठी
राकेश अग्रहरि
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति उर्तुम
सुरेश साहू
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति मोपका
बलराम वर्मा
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति टेकर
पुष्प कुमार साहू
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति सेलर
अमर सिंह
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति कर्रा
राजेन्द्र कश्यप
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति करमा
चिंताराम पटेल
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति बहतराई
संयोगिता कश्यप
अध्यक्ष- सेवा सहकारी समिति बम्हू
यशवंत सिंह
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति सेमरताल
प्रदीप शास्त्री
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति बैमा नगोई
प्रहलाद यादव
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति पौंसरा
सुरेन्द्र दुबे
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति लखराम
पवन सिंह
अध्यक्ष
सेवा सहकारी समिति भरारी
विनीत- सेवा सहकारी समिति बेलतरा विधानसभा
संकलन
रामगोपाल साहू
हरिभूमि प्रतिनिधि लगरा
मो. 9617938788

## वेटलिफ्टिंग में नगर के युवाओं ने जीते गोल्ड, कांस्य



**लोरमी।** भिलाई में राज्य स्तरीय पावर स्पोर्ट्स फेस्टिवल ऑफ छत्तीसगढ़ का आयोजन हुआ, जिसमें भाग लेकर नगर के युवाओं ने उत्कृष्ट का प्रदर्शन किया। नगर के वेटलिफ्टर्स ने स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीतकर जिले व नगर का नाम रौशन किया। 105 केजी वर्ग में जयदीप दास वैष्णव ने 430 केजी भार उठाकर चार गोल्ड एवं दौलत जायसवाल ने 74 केजी वर्ग में खेलते हुए 435 केजी भार उठाकर दो कांस्य पदक अपने नाम किए। साथ ही प्रथम गुप्ता ने भी प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगियों के उत्साहवर्धन के लिए साथी रजनीश यादव उपस्थित रहे।

## निधन

### पं विष्णुकांत दीक्षित (छुट्टू)



**बिलासपुर।** सरजू बगीचा मसानगंज निवासी पं विष्णुकांत दीक्षित (छुट्टू) का 21 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पं. देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे स्व.पं सधारी लाल दीक्षित के पुत्र, रजनीकांत, शशिकांत के भाई एवं शीनू, कुंची के पिता थे।

### एस. अप्पी अम्मा



**बिलासपुर।** हेमूनगर निवासी एस अप्पी अम्मा का 21 नवंबर को निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में 22 नवंबर को सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। वे एस सन्यासी राव, एस सत्यनारायण, एस प्रसाद राव की माता थीं।

### मोहन सिंह गिल



**बिलासपुर।** नयापारा बोदरी निवासी मोहन सिंह गिल का 85 वर्ष की आयु में 21 नवंबर की शाम 7:15 बजे हो गया। उनकी अंत्येष्टी 22 नवंबर की दोपहर 12:30 बजे नयापारा मुक्तिधाम में की जाएगी।

### सैय्यद वज़ीर अली

**बिलासपुर।** मंगला निवासी सैय्यद वज़ीर अली का 65 वर्ष की उम्र में 20 नवंबर को सुबह निधन हो गया। उन्हें पांडातराई कब्रस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। वे सैय्यद आबिद अली के भाई थे।

### शशी केशरवानी



**लोरमी।** ग्राम खपरीकला निवासी शशि केसरवानी का 66 वर्ष की आयु में 19 नवंबर को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 20 नवंबर को गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे शैलेन्द्र, महेन्द्र, शिवेन्द्र केशरवानी की मां थीं।

### गेंदराम यादव



**लोरमी।** वार्ड 4 बाजारपारा के वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक गेंदराम यादव का 90 वर्ष की आयु में 21 नवम्बर शुक्रवार देर शाम निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 22 नवम्बर को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे कृष्णा, संजय के पिता व तरुण यादव के दादा थे।

### सीताराम कश्यप



**तखतपुर।** वार्ड 1 निवासी सेवानिवृत्त रिटायर्ड स्थल सहायक सीताराम कश्यप का 70 वर्ष की आयु में 21 अक्टूबर को निधन हो गया। वे शिव शंकर कश्यप और ललित कश्यप के पिताजी थे। इनका अंतिम संस्कार 22 नवम्बर को सुबह 9 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### तारकेश्वर दीक्षित



**मुंगेली।** ग्राम कारेसरा निवासी विजेन्द्र दीक्षित के बड़े पुत्र तारकेश्वर दीक्षित रवि का 29 वर्ष की उम्र में स्वर्गवास हो गया। वे विजय दीक्षित के अनुज थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कारेसरा में 21 नवम्बर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वजाती एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कांति बाई सिंगरौल

**तखतपुर।** ग्राम जरेली निवासी कांति बाई सिंगरौल की 85 वर्ष की आयु में 21 नवम्बर को निधन हो गया। वे अनुसुईया बाई के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम जरेली में किया गया।

## रावत नाच में परसदा ने मारी बाजी, भरनी उपविजेता

# दुनिया, देश में रावत नाच महोत्सव की होती है चर्चा: साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



हाई स्कूल मैदान में आयोजित रावत नाच महोत्सव में प्रदेश की 10 टीमों ने हिस्सा लेकर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने की। रावत नाच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 टीमों को समिति ने नकद एवं शील्ड से पुरस्कृत किया।

- रावत नाच महोत्सव छत्तीसगढ़ की पहचान: तोखन
- यादव की लाठी धर्म की रक्षा के लिए उठती है: गजेंद्र

बिलासपुर परसदा की टीम प्रथम एवं भरनी की टीम द्वितीय स्थान पर रही। रावत नाच महोत्सव में परसदा को प्रथम पुरस्कार 31 हजार नकद एवं रनिंग शील्ड प्रदान किया गया। इसी तरह भरनी को द्वितीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार नकद व रनिंग शील्ड, बसिया को तृतीय पुरस्कार 21 हजार नकद व रनिंग शील्ड, सिलपहरी को चतुर्थ पुरस्कार 12 हजार नकद व रनिंग शील्ड, खैरवार को पांचवां पुरस्कार 15 हजार व रनिंग शील्ड, केशव लछनपुर को छठवां पुरस्कार 11 हजार नकद व रनिंग शील्ड प्रदान किया गया। इसी क्रम में डोंगरिया को सातवां पुरस्कार 9 हजार एवं रनिंग शील्ड, निगारबंद को आठवां पुरस्कार 7 हजार नकद व रनिंग शील्ड एवं गैंजी को नौवां पुरस्कार 5 हजार नकद व रनिंग शील्ड प्रदान किया गया। इस मौके पर अरुण साव ने कहा कि, यह कार्यक्रम लोरमी का गौरव क्षेत्र का सम्मान बढ़ाने वाला है। आपकी बड़ी संख्या में उपस्थित यहां की भव्यता और गौरव बढ़ाती है। स्वर्गीय बीआर यादव ने बिलासपुर में लगातार रावत नाच महोत्सव करवाया, जिसका 48वां वर्ष संपन्न हुआ। दुनिया और देश में रावत नाच महोत्सव का चर्चा होती है, जो हम लोगों को गौरांवित करती है। नृत्य में ताल-मेल व शौर्य-शक्ति का संगम रावत नाच महोत्सव में देखने को मिलता है। तोखन साहू ने कहा कि, रावत नाच महोत्सव छत्तीसगढ़ की पहचान है एवं हमारी संस्कृति की वाहक भी है। गौ सेवा करने वाला यह समाज, संस्कृति और सनातन का रक्षक है। जब भगवान कृष्ण धर्म की रक्षा के लिए धरती पर आए तो यदुवंशी कुल में पैदा हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि, यहां की धरती को प्रणाम करता हूं। रावत नाचा वीरता का प्रतीक है। यादव की लाठी धर्म की रक्षा, गाय एवं सनातन की रक्षा करने के लिए उठती है। विशिष्ट अतिथि रामकुमार यादव ने कहा कहा कि, यादव समाज सभी को लेकर चलने वाला समाज है। हमारा समाज बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद से तरक्की कर रहा है। इस दौरान रमेश यदु ने वनांचल क्षेत्र मे रहने वाले समाज के लोगों को पट्टा देने और रायपुर में भवन की मांग की। मंच संचालन परसादी यादव ने किया एवं उन्होंने समाज की तरफ से उपमुख्यमंत्री से रावत नाच कार्यक्रम के लिए प्रत्येक वर्ष संस्कृति विभाग से 5 लाख दिलाने की मांग की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, विनय साहू, धनीराम यादव पूर्व आयोग सदस्य, परसादी यादव पूर्व जनपद सदस्य, रामप्रकाश यादव, अविश यादव, गिरधारी लाल यादव, अध्यक्ष भाजपा मंडल सुशील यादव, पूर्णिमा घनश्याम यादव सभापति, पुष्पा छेदूराम यादव सभापति, शिवशंकर यादव पार्षद, विश्वास दुबे सभापति, दिनेश साहू, रवि शर्मा, कृष्ण आदि उपस्थित रहे।

## दिलहरण बने कृषक मित्र संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**करगीरोड कोटा।** कोटा ब्लॉक के अंतर्गत कृषक मित्र संघ की बैठक कृषि विभाग के कार्यालय के पास आयोजित हुई। बैठक में कृषक मित्र संघ के जिला अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर एवं लक्ष्मी साहू की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। दिलहरण श्रीवास को कृषक मित्र संघ का अध्यक्ष चुना गया, साथ ही उपाध्यक्ष पद पर भारत लश्कर, सचिव पद पर बहादुर साहू, कोषाध्यक्ष पद पर शालिकराम साडिल, सहसचिव पद पर बनवाली पेंदराम तथा प्रचार सचिव पद पर छबिलाल पटेल का सर्वसम्मति चयन किया गया।

## बिलासा दाई रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मल्हार।** अंचल में खेलों का उत्सव एक बार फिर लौट आया, बिलासा दाई केंवट समीति द्वारा 20 नवंबर से आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज नगर के मेला ग्राउंड में गुरूवार को हुआ। प्रतियोगिता में मल्हार के 15 वार्डो से विभिन्न प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन नपं मल्हार अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, पूर्व अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने बिलासा दाई के छायाचित्र का पूजन व माल्यार्पण करके किया। इस अवसर पर धनेश्वर कैवर्त, अरविन्द साहू, रामहरि कैवर्त, कमलेश सिंह, मनराखन, मिलू कैवर्त, विष्णु कैवर्त, गणेशदत्त राजू तिवारी,मिथून यादव, अजय कैवर्त, राजू कैवर्त, रंजीत कैवर्त, उमेश कैवर्त, रामलाल कैवर्त व बिलासा दाई केंवट समिति के सभी युवा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नपं मल्हार के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एसएन गुप्ता ने दर्शकों को खेल के प्रति प्रेरित किया। प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त ने कहा कि, यहां उपस्थित हर खिलाडी अपने आप में एक चैंपियन है। कबड्डी ऐसा खेल है, जो टीमवर्क एकाग्रता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21 हजार नकज व कप, द्वितीय पुरस्कार 11 हजार नकद व कप एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार 500 नगद निर्धारित किया गया है।

## आदिवासी परिवारों को वन अधिकार पट्टा प्रदान कर वैधानिक अधिकार प्रदान करें: अटल



**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कोटा क्षेत्र में पीढ़ी दर पीढ़ी वन भूमि में निवासरत एवं खेती करने वाले आदिवासी परिवारों को व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक वन अधिकार पट्टा प्रदान करने के लिए कलेक्टर बिलासपुर को पत्र लिखा है।

अटल श्रीवास्तव ने कहा कि कोटा क्षेत्र वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। बैगा धनुहार सौता गोड़ बिंझवार सहित आदिवासी समुदाय के लोग अनेक वर्षो से वन भूमि में निवासरत होकर कोदो कुटकी धान सहित अन्य फसलों की खेती कर जीवन यापन करते आ रहे है। वर्षो से काबिज अनेक आदिवासी परिवारों को आज तक उनका वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं हुआ है। वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं होने से परिवारो को निवास एवं जीवन यापन में असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। साथ ही शासकीय योजनाओं ऋण सुविधाओं तथा सामाजिक सुरक्षा के लाभों से वंचित हो रहे हैं। आदिवासी परिवारों को स्थायी आजीविका एवं सम्मानपूर्वक जीवन यापन हेतु वैधानिक अधिकार दिया जाना आवश्यक है। वंचित पात्र आदिवासी परिवारों को व्यक्तिगत अथवा सामुदायिक वन अधिकार पट्टा यथाशीघ्र प्रदान किया जाए।

## छतौना में पूजा-पाठ के साथ धान खरीदी शुरू

**सकरी।** ग्राम पंचायत छतौना के सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी की विधिवत शुरुआत की गई। सेवा सहकारी समिति छतौना के प्राधिकृत अधिकारी परस कौशिक के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, जनपद सभापति रंजना तुलसी कौशिक, छतौना सरपंच राधिका राकेश कौशिक, बोड़सरा सरपंच मनीष कौशिक, पूर्व अध्यक्ष बैसाखू कौशिक, उपसरपंच रत्ना रामेश्वर मानिकपुरी, दिलीप कौशिक, समिति प्रबंधक नेपाल कौशिक, ललित कौशिक,रमेश कौशिक, रवि साहू, दिनेश तंबोली, अनिल साहू, रामेश्वर कौशिक, दीनबंधु आनंद, ओमप्रकाश निर्मलकर, लक्ष्मी तंबोली, ज्ञानचंद कौशिक सहित कृषक उपस्थित थे।

## क्षेत्र के होनहारों ने पीएससी में लहराया परचम



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा में क्षेत्र के पांच मेधावी युवाओं ने सफलता प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्या साहू, पोलेश्वर साहू, सुमीत कुमार केशरवानी, सुनील कुमार कश्यप एवं अजय धुव ने कड़ी मेहनत से सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार लेखराम साहू निवासी ग्राम गोल्हापारा के मंझले पुत्र पोलेश्वर साहू का प्रदेश में चौथा रैंक आया एवं वे डिप्टी कलेक्टर के लिए चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि, वे बड़े परिश्रम के साथ यह मुकाम हासिल किया है। ग्राम तेलीखामही निवासी सुदर्शन साहू की पुत्री विद्या साहू का अधीनस्थ लेखा अधिकारी पद पर चयन हुआ है। ग्राम डिंडौरी निवासी सुमित कुमार केशरवानी 21वें रैंक के साथ सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग के लिए चयनित हुए। दूरस्थ ग्राम बांधा निवासी सुनील कश्यप ने 24 वीं रैंक प्राप्त कर राज्य पुलिस सेवा में उपपुलिस अधीक्षक के लिए चयनित हुए। इसी प्रकार ग्राम मलकछरी निवासी अजय धुव ने पीएससी में 407वां रैंक एवं वर्ग में 31 वां रैंक हासिल किया।

## असामाजिक तत्वों ने किसान की फसल में लगाई आग



**पथरिया।** विकासखंड के ग्राम पंचायत पथरगड़ी के बेड़ाकापा गांव में बुधवार देर रात किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया और लाखों की धान की फसल आग की भेंट चढ़ गई। जानकारी के अनुसार किसानों कटाई के बाद खेत में रखी धान की फसल को देर रात किसी ने आग के हवाले कर दिया। जब किसान को इसकी जानकारी मिली तो, उसकी आंखें नम हो गईं। उसने धान में लगी आग को बुझाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन वह असफल रहा एवं पूरी धान जलकर राख में बदल गई। किसान अब सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

- 2.50 एकड़ की धान जलकर हुई राख, जुर्म दर्ज

लगभग 2.50 एकड़ की फसल तबाह- बेड़ाकापा के किसान हरिनारायण वर्मा ने शुक्रवार को पथरिया थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में किसान ने बताया कि, धान की फसल कटवाने के बाद खेत में ही एक जगह पर रखवा दिया था, जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। जानकारी के मुताबिक, घटना के दूसरे दिन गुरुवार को एक बार फिर से एक धान की खरही में आग लगा दी गई। बेड़ाकापा के किसानों ने बताया कि, विगत 4 वर्षों से गांव में धान की खरही मे आग लगाने की घटना हो रही है, लेकिन आज तक आग लगाने वाले का पता नहीं चल पाया। मिली है शिकायत- थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा ने कहा कि, थाना क्षेत्र के गांव में धान की खरही को अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इस पर पुलिस आगजनी घटना की जांच कर आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्ति की तलाश कर उचित कार्रवाई करेगी। साथ ही थाना प्रभारी ने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि, गांव में देर शाम रात तक सामजिक तत्वों को घूमते हुए देखने पर पुलिस को तत्काल सूचना दी जाए।

## बेतरतीब सड़कों की खुदाई से वार्डवासी परेशान

### अमृत मिशन योजना बनी परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



नगरपालिका क्षेत्र तखतपुर में अमृत मिशन के तहत हो रही बेतरतीब सड़कों की खुदाई से वार्डवासी परेशान हैं, और नगरवासियों का जीना दूभर मिशन हो गया है।

नगरपालिका क्षेत्र में घरों में पेयजल सप्लाई के लिए अमृत मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों की खुदाई की जा रही है। सड़कों की खुदाई का काम लगभग पिछले डेढ़ माह से हो रहा है, जो अभी तक पुरी नहीं हो पाया है। सड़कों की खुदाई के लिए कोई निश्चित मापदंड नहीं होने से मनमर्जी तरीके खुदाई की जा रही है। इसी तरह पाइपलाइन विस्तार में भी बेतरतीबी देखी जा रही है। कुछ जगहों पर खुदाई के बाद गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया है, जो बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। साथ ही स्थानीय लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह वहै कि, वार्ड की गलियों से होकर अपने घरों तक पहुंचने के लिए लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। खुदाई करते समय मलबे को भी व्यवस्थित नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण मलबा नाली में गिर रहा है एवं नाली जाम होने की स्थिति में आ गई है।

### आवश्यकतानुसार काम

आवश्यकता अनुसार पाइप के नीचे बेस लगाया जा रहा है।

- अमरेश सिंह, सीएमओ

## फरार सट्टा खाईवाल का अवैध निर्माण जमींदोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सट्टा खाईवाल व ग्राम उप सरपंच प्रतिनिधि योगेन्द्र शर्मा उर्फ भर्रा उर्फ लाला महराज के द्वारा गैर कानूनी तरीके से बनाए गए मकान को प्रशासन ने जेसीबी की मदद से जमींदोज कर दिया। मुंगेली तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरा सेतगंगा फास्टरपुर में फरारा सट्टा कारोबारी योगेन्द्र शर्मा उर्फ भर्रा उर्फ लाला महराज उम्र 47 वर्ष मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से जमीन कब्जा कर मकान व दुकान का निर्माण करा रहा था। जानकारी मिलने पर शुक्रवार 21 नवम्बर को जिला नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पुलिस विभाग की उपस्थिति में जेसीबी के माध्यम से अवैध निर्माण को तोड़ा गया।

- कोर्ट मे खारिज की अग्रिम जमानत याचिका

### जमानत याचिका खारिज

21 नवम्बर को आरोपी योगेन्द्र शर्मा उर्फ भर्रा की अग्रिम जमानत को न्यायालय ने खारिज कर दिया। जमानत के विरोध में पुलिस की ओर से आरोपी के खिलाफ पेश साक्ष्यों के आधार पर जिला सत्र मुंगेली ने जमानत खारिज कर दी।

### एसपी ने किया इनाम घोषित

मुंगेली एसपी भोजराम पटेल ने फरार सटोरिए योगेन्द्र शर्मा पर कुछ दिनों पहले ही इनाम की घोषणा की थी। सट्टा के प्रकरण मे फरार चल रहे योगेन्द्र शर्मा की गिरफ्तारी पर एसपी भोजराम पटेल ने 1 हजार रुपए इनाम घोषित किया है। फरार आरोपी की जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम खैरा, प.ह.नं. 27, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर -2/1 में से रकबा 3000 वर्गफीट की भूमि को विक्रेता-मनोज कुमार पटेल पिता स्व. ठण्डा राम पटेल निवासी- ग्राम लगरा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले से क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम धनराशि का भुगतान किया जा चुका है, तथा निकट समय पर रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था/ निकाय/ बैंक को उल्लेखित खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित नीचे दिये गये पते पर संपर्क कर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत समयावधि व्यतीत होने पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा क्रेता के पक्ष में रजिस्ट्री करा लिया जावेगा।

सो सूचना जानें।
दिनांक - 21/11/2025
बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय /क्रेता
सुधाकर मिश्रा पिता पुष्प देव मिश्रा
निवासी- बी./41, चिल्हाटी रोड
विवेकानंद रेसीडेंसी मोपका,
तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नंबर-7828414181

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/क/तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 10/11/2025

मौजा तालापारा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा तालापारा प.ह.न. 39 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.न. 161/20 में से रकबा 810 व.फु. वर्गफीट एकड़ हेतु आवेदक/ आवेदिका फातिमा बेगम पिता/पति सैय्यद अब्दुल नईम निवासी तालापारा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के तहत ताबादला नामा/फौती नामांतरण/बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण/ वसीयत नामांतरण/दानपत्र नामांतरण/ पंजीकृत हकत्याग नामांतरण, तबादला नामा, हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 01/12/25 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 10/11/25 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**उद्घोषणा**

रा.प्र.क्र......./ ब-121/ 2025-26
ग्राम बिरगांव/प.ह.नं. 11

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम बिरगांव वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमती/ कु. वैधनाथ विश्वास पिता/पति हरिपदो विश्वास जाति निवासी ग्राम बिरगांव तहसील जरहागांव, जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पिता स्व.हरिपदो के जन्म/मृत्यु दिनांक 7/2/2015 को ग्राम पंचायत बिरगांव में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 8/12/2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव

**न्यायालय तहसीलदार जरहागांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**//नोटिस//**

रा.प्र.क्रं.202504251300050/अ-06/2024-25
रा.प्र.क्रं. 202504251300051/अ-06/2024-25
ग्राम नोहरकापा प.ह.नं. 12

एतद् द्वारा गेंदराम साहू, देवचरण साहू दोनों पिता लूलूराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम फरहदा तहसील जरहागांव जिला मुंगेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वर प्रजापति पिता बिहारी प्रजापति जाति कुम्हार निवासी ग्राम बिरगांव तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ0ग0 द्वारा ग्राम नोहरकापा पटवारी ह0प0 न0 12 रा.नि.मं. जरहागांव तहसील जरहागांव जिला मुंगेली में स्थित संयुक्त खाता की भूमि खसरा नंबर 27/1, 28/4 रकबा क्रमशः 0.413, 0.129 हे0 का छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109,110 के तहत नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। । जिसमें आप बतौर अनावेदकगण है। अतः उक्त नामांतरणके संबंध में कोई आपत्ति/ दावा या उजर हो तो आप स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से दिनांक 03.12.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है, बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं उक्त नामांतरण के संबंध में मौन सहमति मानी जावेगी।

आज दिनांक 18.11.2025 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं पद सील से हस्ताक्षर कर जारी किया गया।
तहसीलदार
जरहागांव, जिला मुंगेली ( छ.ग.)

**बिजनेस साइट**

## फ्लेक्सीकैप फंड्स के साथ निवेश में होने वाले सुभाविक पक्षपात को हराना



संजीव चक्रवर्ती
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर
बिलासपुर

**बिलासपुर।** मशहूर इन्वेस्टर और लेखक बेंजामिन ग्राहम ने कहा है कि "इन्वेस्टर की सबसे बड़ी प्रॉब्लम और उसका सबसे बड़ा दुश्मन, शायद वह खुद ही होता है।" उनकी यह बात आज भी काम की है, क्योंकि कई डीआईवाई इक्विटी इन्वेस्टर्स को लगता है कि उनका रिटर्न मार्केट रिटर्न से पीछे है। गलत टाइमिंग, इमोशनल फैसले लेना और बिहेवियरल बायस इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं। भीड़ या पिछले परफॉर्मेंस के पीछे अंधाधुंध भागना एक आम गलती है, जैसा कि शॉर्ट टर्म खबरों या डर के आधार पर इन्वेस्टमेंट में आना-जाना है। ओवरकॉन्फिडेंट होना और सिर्फ एक मार्केट सेगमेंट पर फोकस करना या यह मान लेना कि जो अभी काम कर रहा है वह हमेशा काम करता रहेगा, इससे भी आमतौर पर रिटर्न पर असर पड़ता है।

तो इन्वेस्टर्स फाइनेंशियल मार्केट को बेहतर तरीके से कैसे नेविगेट कर सकते हैं और इन्वेस्टमेंट के नतीजों को ऑप्टिमाइज कर सकते हैं? एक तरीका है फ्लेक्सीकैप म्यूचुअल फंड्स के बारे में सोचना।

1) लार्ज, मिड और स्मॉल कैप स्टॉक्स के बीच एलोकेट करने की क्षमता के साथ, फ्लेक्सीकैप फंड्स में बिल्ट-इन डाइवर्सिफिकेशन होता है, जिससे यह पक्का होता है कि इन्वेस्टर्स के सारे अंडे कभी एक ही टोकरी में न हों। यह डाइवर्सिफाइड एक्सपोजर यह पक्का करता है कि कोई एक सेगमेंट परफॉर्मेंस या वोलैटिलिटी को न बढ़ाए।

2) फ्लेक्सीकैप फंड्स में एलोकेशन घरेलू और ग्लोबल मार्केट की स्थितियों, ग्रोथ, महंगाई, इंटरेस्ट रेट्स, फिस्कल पॉलिसी जैसे मैक्रोज और स्टॉक लेवल के फंडामेंटल्स जैसे अर्निंग्स आउटलुक, मैनेजमेंट ट्रैक रिकॉर्ड और वैल्यूएशन के आधार पर डायनामिक रूप से एडजस्ट किए जाते हैं, न कि शॉर्ट टर्म न्यूज, इन्वेस्टमेंट ट्रेंड्स या इमोशंस के जवाब में। इसलिए, इन्वेस्टर को मार्केट को ट्रैक या टाइम करने की जरूरत नहीं है, फंड मैनेजर उनके लिए यह करता है, जिससे उन्हें हर्ड मेंटैलिटी और रीसेंसी बायस, और क्लासिक बाय-हाई, सेल-लो ट्रैप जैसी बिहेवियरल टेंडेंसी से बचने में मदद मिलती है। डीआईवाई इन्वेस्टिंग की तुलना में फंड लेवल पर पोर्टफोलियो रीबैलेंसिंग भी टाइमिंग और कॉस्ट के हिसाब से ज्यादा एफिशिएंट है।

3) कम वोलैटिलिटी के साथ अच्छे इन्वेस्टमेंट एक्सपीरियंस का लक्ष्य रखकर, फ्लेक्सीकैप फंड्स इन्वेस्टर्स को ट्रेंडिंग इन्वेस्टमेंट्स के पीछे भागने या मार्केट में तेज उतार-चढ़ाव के दौरान पैनिक सेलिंग करने के बजाय, लॉन्ग टर्म के लिए इन्वेस्टेड रहने और कंपाउंडिंग की पावर का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

इसी तरह, इन्वेस्टर्स को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड आकर्षक लग सकता है। लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में इसका डायनामिक एलोकेशन इसे बदलते मार्केट के हालात को अपनाने और मार्केट साइकिल में मौकों का फायदा उठाने में मदद करता है। इसने अच्छा इन्वेस्टमेंट एक्सपीरियंस दिया है, तीन साल में 19.01 प्रतिशत सीएजीआर और शुरुआत (जुलाई 2021) से 31 अक्टूबर, 2025 तक 17.32 प्रतिशत सीएजीआर दिया है।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष






# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

## पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर। बहला-फुसला कर नाबालिग युवती को भगाने व शारीरिक शोषण करने के मामले में बेलगहना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से नाबालिग को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले के अनुसार परिजनों ने बेलगहना चौकी में बहना फुसला कर नाबालिग युवती को घर से भगाने की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में अपहरण की धारा दर्ज कर विवेचना शुरू की। इस दौरान एसएसपी ने पीड़िता एवं आरोपी की पतासाजी हेतु सख्त निर्देश दिया। लगातार पुलिस टीम द्वारा पीड़िता की पतासाजी की जाती रही, बेलगहना पुलिस द्वारा दिनांक 19 नवंबर को को अपहृता को ग्राम महरपुर लोरमी से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने महरपुर निवासी आरोपी युवक अजय ढीमर उर्फ़ भगवान सिंग पिता गेंदराम ढीमर उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर धारा 87,64(1) बीएनएस व पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जहर डालकर 40 क्विंटल मछली मारा

बिलासपुर। मल्हार चौकी के अंतर्गत बेटरी गांव के तालाब में 40 क्विंटल मछली मरने की शिकायत मछवारा समाज के अध्यक्ष ने की है। पुलिस में मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार घटना 18 नवंबर की है। जहां मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी के अंतर्गत बेटरी गांव के तालाब को मछवारा समिति द्वारा 10 साल के लीज पर लिया गया है। 18 नवंबर की सुबह तालाब में मछलियां मृत पाई गईं। इसके बाद समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद वर्मा ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि अज्ञात लोगों के द्वारा तालाब में जहर डालकर मछलियों को मारा गया है। पुलिस ने जांच कर अपराध दर्ज किया है, अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### चोरों का आतंक, तीन घरों के बिजली तार पार

बिलासपुर। सरकंडा क्षेत्र में चोरों का आतंक मच रहा है। चोरों ने विजयापुरम कालोनी के कई घरों के एसी के केबल, ट्रांसफार्मर के केबलों को चोरी कर लिया है। चोरी से परेशान कालोनी रहवासी सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार विजयापुरम कालोनी निवासी मोहम्मद खालिद हनीफी पिता स्व मोहम्मद ईस्माईल हनीफी एसईसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी है। 16 नवंबर को खाना खाकर सो गए। सुबह उठने पर उन्हें पता चला कि घर में लगे 2 एसी के नट बोल्ट खुले हैं और कॉपर तार चोरी कर लिया गया है। इस दौरान पड़ोसी के घर में लगे सीसीटीवी की जांच करने पर पता चला कि अज्ञात चोर सुबह 4 बजे चोरी कर जा रहा है। इस तरह 19 नवंबर को दोबारा कालोनी में एसी कॉपर तार की चोरी की गई और पड़ोसी के कैमरे के केबल व ट्रांसफार्मर के तार को भी काट कर चोरों ने चोरी कर लिया है। चोरों के आतंक से परेशान होकर रहवासियों ने पुलिस से शिकायत दर्ज कराई है।

**अब 45 मीटर पैच को पूरा उखाड़कर नए सिरे से होगी लाइनिंग**

**खारंग जलाशय की दायीं तटनहर में 15 साल पहले की गई थी लाइनिंग**



# पंद्रह साल से बगैर मरम्मत चौबीसों घंटे पानी की सप्लाई, कैसे टिकेगी नहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंद्रह साल पहले मनरेगा के पैसे से की गई खारंग जलाशय की दायीं तटनहर की लाइनिंग अब जवाब देने लगी है। इस नहर से चौबीसों घंटे लगातार पानी की सप्लाई की जाती रही है, लेकिन मरम्मत के नाम पर एक धेला भी खर्च नहीं किया गया। आखिरकार नहर में हो चुके बड़े-बड़े होल से पानी का बड़ा अपव्यय नजर आने के बाद सिंचाई विभाग द्वारा 45 मीटर लंबे पैच में नए सिरे से लाइनिंग करने का निर्णय लिया गया है।

खारंग जलाशय खूंटाघाट की दाहिनी तट नहर का कुछ हिस्सा फिलहाल क्षतिग्रस्त है। ऐसे में 45 मीटर पुरानी लाइनिंग को पूरा उखाड़कर नए सिरे से लाइनिंग की जा रही है। इस नहर पर लाइनिंग का काम पंद्रह साल पहले मनरेगा की राशि से किया गया था, लेकिन उसके बाद बीच में कभी भी मेंटेनेंस या सुधाार कार्य नहीं किया गया। विभाग द्वारा नहर में लगातार पानी के बहाव के कारण ऐसा नहीं किए जाने की बात कही गई है।

नहर लाइनिंग के बीच चूहे व अन्य जीव-जंतुओं के द्वारा होल कर देने के कारण पानी का काफी अपव्यय हो रहा था, जिसके सुधार के लिए सिंचाई विभाग को अमृत मिशन के अंतर्गत शहर के लिए दी जाने वाली सप्लाई रोकनी पड़ी है। फिलहाल खारंग जलाशय से शहर को 21 नवंबर से आगामी पंद्रह दिनों तक पानी नहीं मिल सकेगा।

#### पूरे 28 किमी में नए सिरे से लाइनिंग की जरूरत

खारंग जलाशय की दाहिनी तटनहर 28 किलोमीटर लंबी है। यह खारंग से निकलकर जांजी व मोपका तक आती है। इस नहर की लाइनिंग सालों पहले की गई थी। बड़ा नुकसान होने के कारण विभाग भले ही अभी केवल 45 मीटर लंबाई में नए सिरे से लाइनिंग का काम कर रहा है, लेकिन जरूरत पूरे 28 किलोमीटर में ही नई लाईनिंग की है। विभागीय सूत्रों के अनुसार विभाग की भी आने वाले समय में दाहिनी तट नहर की शुरू से अंत तक नए सिरे से पूरी लाइनिंग करने तैयारी है। इसके लिए उच्च स्तर पर चर्चा भी की जा रही है। खारंग की बायीं तटनहर भी अनेक स्थानों पर जर्जर हो चुकी है, लेकिन इसकी लंबाई 85 से सौ किलोमीटर होने के कारण फिलहाल इसकी नए सिरे से लाइनिंग संभव नहीं है।

#### नए सिरे से की जा रही लाइनिंग

खारंग की दायीं तटनहर में करीब पंद्रह साल पहले लाइनिंग का काम किया गया था। चूंकि नहर में लगातार पानी चलता रहता है एवं चूहे या अन्य जीव-जुतंओं के द्वारा होल कर दिए जाने के कारण नहर का कोई हिस्सा क्षतिग्रस्त हो जाना कोई बड़ी बात नहीं है। फिलहाल 45 मीटर लंबाई में पूरी क्रांक्रीट उखाड़कर नए सिरे से लाइनिंग की जा रही है।

**-पीएन श्रीवास्तव**, एसडीओ खारंग डिवीजन

**घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, क्षुब्ध होकर छात्रा ने उठाया कदम**

# मारपीट के बाद निजी स्कूल की छात्रा ने की थी आत्महत्या, शिक्षक सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने बिल्हा ब्लॉक के कडरी स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ शिक्षक रमेश कुमार साहू को गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया है। जांच में पाया गया है कि शिक्षक ने अपनी पत्नी के निजी स्कूल में छात्रा से मारपीट की थी, इस घटना से नाराज छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी।



मृतिका।

नेवासा स्थित निजी सीता देवी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा पूनम रजक के साथ स्कूल परिसर में ही मारपीट की गई। इस स्कूल की संचालिका सरकारी स्कूल के शिक्षक रमेश साहू की पत्नी हैं।

#### सरकारी भवनों पर भी अवैध कब्जा

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि रमेश साहू ने अपने प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के संचालन के लिए ग्राम पंचायत के सरकारी भवनों और खादी ग्रामोद्योग के परित्यक्त परिसरों पर अवैध कब्जा कर रखा था, जहाँ से वे लंबे समय से विद्यालय गतिविधियाँ संचालित करते आ रहे थे। इस संबंध में विभाग को पूर्व में भी कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने लगातार शिकायतें की थीं जो प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंची। बच्ची पर हुए हमले, लगातार अनुपस्थिति, सरकारी भवनों के अवैध उपयोग और विद्यालय नियमों के स्पष्ट उल्लंघन जैसे गंभीर बिंदुओं को देखते हुए विभाग ने निलंबन का आदेश जारी किया गया है।

आरोप यह लगाया गया कि छात्रा के साथ हुई घटना के दौरान रमेश साहू मौजूद थे, लेकिन उन्होंने न तो किसी प्रकार का हस्तक्षेप किया और न ही घटना की सूचना विभाग को दी। इस घटना का वीडियो और संबंधित शिकायतें लगातार स्थानीय स्तर पर उठ रही थीं, जिसके कारण विभाग का ध्यान इस पर विशेष रूप से गया। जांच में शिकायतें सही पाई गईं, साथ ही यह तथ्य भी उजागर हुआ कि रमेश साहू कडरी स्थित सरकारी पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ हैं, लेकिन वे वर्षों से अपने सरकारी विद्यालय में उपस्थित नहीं होते। इसके विपरीत वे नेवासा स्थित अपनी पत्नी के निजी स्कूल में ही अधिकांश समय व्यतीत करते थे।

# गोदाम से तेल चुराते कर्मचारी की तस्वीर कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

किराने की दुकान व गोदाम से चोरी करने वाले कर्मचारी के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है।सीसीटीवी में घटना कैद होने के बाद दुकान मालिक ने थाने में शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



■ सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की घटना

सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिचरी बाजार का मामला सामने आया है। पुराना हाईकोर्ट रोड आदर्श कालोनी निवासी गोपीचंद गंगवानी शनिचरी बाजार स्थित गुरूकृपा ट्रेडर्स किराने का मालिक है। दुकान में काम करने के लिए गोपीचंद ने विजय शर्मा को रखा है। घटना 20 नवंबर की है जब दुकान मालिक ने विजय शर्मा को दोपहर 2 बजे गोदाम में तेल का टीन खाली करने के लिए भेजा, टीन खाली कर विजय वापस दुकान आया और खाना खाने जा रहा हूं कह कर चला गया। वापस दुकान नहीं आया। इस दौरान शाम 6 बजे विजय गोदाम पहुंचा और 2 टीन का टीपा को चोरी कर ले जाने लगा। उसकी चोरी पकड़ी गई और दुकान मालिक ने उससे पुछताछ की। इस दौरान दुकानदार ने दोपहर से शाम तक की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांची, जिसमें दोपहर को भी विजय द्वारा टीन का टीपा ले जाते देखा गया। दुकानमालिक ने कर्मचारी की चोरी पकड़ने के बाद सिटी कोतवाली में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या के प्रयास में पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार

## नौकरी से निकाले जाने पर था नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नौकरी से निकालने को लेकर नाराज गार्ड ने अपने साथी को ही चाकू मार कर घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया, बिल्हा पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से हत्या के प्रयास में प्रयुक्त चाकू को बरामद कर लिया गया है।



आरोपी।

घटना बिल्हा थाना क्षेत्र के दगोरी की है। नोवा कंपनी में कार्यरत गार्ड मुकेश कुमार साहू व सूरज सिंह खुसरो दोनों गार्ड हैं। कंपनी में हाल ही में आरोपी मुकेश कुमार को गार्ड की नौकरी से निकाल दिया है, जिससे वह नाराज था। गुरूवार को सूरज सिंह कहीं से आ रहा था, मुकेश कुमार ने उसे देखकर रोका और शराब पीने की बात कही। इस दौरान मुकेश नौकरी से निकाले जाने पर गुस्से में था, दोनों भवानी चौक, दगौरी से आगे इण्डेन गैस एजेंसी के बीच खेत में जाकर शराब पीने लगे। मुकेश ने मोबाइल खराब होने की बात कहते हुए सूरज से उसका मोबाइल मांगा। इसके बाद सूरज द्वारा अपना मोबाइल वापस मांगने पर मुकेश ने मोबाइल देने से मना कर दिया और सूरज के साथ गाली गलौज करने लगा। आपस में विवाद बढ़ते ही मुकेश ने जेब में रखे सब्जी काटने का चाकू निकला और हत्या की नियत से सूरज सिंह खुसरो के पेट में मार दिया।

इस दौरान लहू लुहान सूरज अपनी जान बचाने के लिए भागा और दगौरी पहुंचकर दुकानदार घनश्याम को घटना की जानकारी दी। इस दौरान घनश्याम ने 112 वाहन बुलवाकर उसे शाासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी जब्त किया है।

# शराबखोरी करने वाले पुलिसकर्मी लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका पुलिस चौकी में बैठकर वर्दीधारी पुलिस कर्मियों द्वारा शराब का पैग बनाते और खाना खाते वीडियो वायरल होने के बाद आला अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। दोनों आरक्षकों को एसएसपी रजनेश सिंह ने लाइन अटैच कर दिया है।



खास बात यह है कि इसका विडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस कर्मचारी वीडियो बनाने वाले के साथ गाली गलौज करते दिख रहे हैं। कानून के रखवालों के द्वारा पुलिस चौकी को मयखाने बनाने का मामला सामने आया है। मोपका चौकी के दो आरक्षक संतोष राठौर और धनेष साहू द्वारा शराब का पैग बनाते विडियो वायरल हो चुका है। चौकी पहुंचे युवक ने यह नजारा अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया, विडियो बनता देख देख आरक्षकों ने न सिर्फ उससे हुज्जतबाजी की, बल्कि उसे मारने की भी धमकी दी। वीडियो सोशल मीडिया के जरिए वायरल हो गया। आला अधिकारियों की इसकी भनक लगते ही कार्रवाई तेज की गई और शुक्रवार की शाम तक दोनों आरक्षकों को पुलिस की छवि धूमिल करने और सेवा शर्तों में उल्लघंन करते हुए लापरवाही बरतने को लेकर एसएसपी ने तत्काल लाइन अटैच कर दिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# नेहरू चौक पर 7 करोड़ में बनेगा तीन मंजिला तहसील भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तहसील का नया भवन अपने वर्तमान स्थान पर ही बनाया जाएगा। सात करोड़ की लागत से तीन मंजिला भवन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जिला प्रशासन मद में राशि प्राप्त होते ही लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

■ शासन को भेजा जा गया प्रस्ताव

नेहरू चौक स्थित बिलासपुर तहसील की नई बिल्डिंग के निर्माण की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ होगी। भवन के निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भवन में बेसमेंट बनाया जाएगा। इसके ऊपर ग्राऊंड फ्लोर के बाद दो मंजिल और बनाई जाएगी। भवन की अनुमानित लागत सात करोड़ रूपए आंकी गई है। सूत्रों के अनुसार भवन निर्माण के लिए राशि जिला प्रशासन मद में प्राप्त होगी। जिला प्रशासन को राशि प्राप्त होने के बाद निर्माण के लिए यह राशि लोक निर्माण को ट्रांसफर की जाएगी। इसके बाद लोक निर्माण विभाग निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा।

#### एक साल से हो रही थी माथापच्ची

तहसील के नए भवन का निर्माण एक साल पूर्व ही प्रारंभ हो चुका होता। इसके लिए कोनी में जगह भी फाईनल की जा चुकी थी। शहर से कुछ दूरी पर स्थित होने के कारण अधिवक्ताओं द्वारा उस स्थान का विरोध करते हुए पुराने स्थान या शहर के ही किसी स्थान पर निर्माण की मांग की जाती रही। लगातार विरोध के फलस्वरूप इसके निर्माण को लेकर चर्चा तक बंद हो चुकी थी।

#### पीडब्ल्यूडी ने लगातार भेजी चिट्ठी

तहसील भवन के लिए उचित स्थान का निर्धारण कर सूचित करने को लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा बीते एक साल से एसडीएम बिलासपुर को पत्र लिखा जाता रहा है। इस दौरान एसडीएम बिलासपुर द्वारा पीडब्ल्यूडी के ईई से मौखिक चर्चा तो की जाती रही, लेकिन स्थान के अंतिम चयन को लेकर उच्चाधिकारियों का अंतिम निर्णय बताया जाता रहा। आखिरकार अब पुराने स्थान को ही अंतिम रूप से चयन किया गया।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

नेहरू चौक स्थित पुरानी जगह पर ही नया तहसील भवन बनाया जाना है। तीन मंजिला भवन के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। राशि प्राप्त होते ही निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

**-आदित्य ग्रोवर**, एसडीओ पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग,
उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
श्री विजय वंदना इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईंसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर
SECL South Eastern Coalfields Limited
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी की सुविधाएँ अब बिलासपुर में
दिनांक : 22 नवंबर 2025, शनिवार

डॉ. यशवंत कश्यप
MD(जनरल मेडिसिन), DM(मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन
समय : दोपहर 2 से 4 बजे तक
स्थान : श्री विजय वंदना इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर श्रीवास भवन के पास श्री लक्ष्मी पैट्रोल पंप के पीछे मिनोचा कॉलोनी बिलासपुर
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319

डॉ. यशवंत कश्यप
MD(जनरल मेडिसिन), DM(मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लाटेशन

डॉ. नूपुर प्रिया
MBBS, MS (जनरल सर्जरी)
फेलोशिप एवं सलाहकार ब्रेस्ट एंड सर्जिकल ऑनकॉलोजी
हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 1:00 तक
स्थान : एसईसीएल इंदिराविहार, बिलासपुर
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 9926986736
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हैं तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से मिलें
• स्तन में बदलाव
• असामान्य गाँठ या उभार
• मुँह में बदलाव या आवाज में भारीपन
• निगलने में कठिनाई
• लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
• ठीक न होने वाले छाले/घाव
• बार-बार बुखार या संक्रमण
• पेट में दर्द या जी मिचलाना
• पेट फूलना
• खून की कमी
• त्वचा (स्किन) में बदलाव
• वजन में बिना कारण कमी
• मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
• मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द
8282824444
नया रायपुर, छ. ग.